हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 42.5 डिग्री
न्यूनतम 18.9 डिग्री

11 गोवंश की सेवा में लगी सरकार : शर्मा



12 पृथ्वी दिवस पर स्कूलों में हुए कार्यक्रम



# भाजपा ने राजीव जैन को टिकट देकर फिर मैदान में उतारा, आप ने सत्यवीर सिंह को टिकट दिया

■ बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी कमल दीवान सहित दो ने नामांकन किया ■ इनेलो और जजपा ने अभी तक नहीं खोले अपने पत्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम चुनाव की रणभेरी के बीच बुधवार को चुनावी मैदान लगभग सज गया। भाजपा ने निवर्तमान मेयर राजीव जैन को दोबारा टिकट देकर मैदान में उतार दिया है, जबकि आम आदमी पार्टी ने मेयर पद के लिए सत्यवीर सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कमल दीवान ने बुधवार को नामांकन दाखिल कर दिया। इस तरह नगर निगम का चुनावी रण लगभग तैयार हो चुका है। अब केवल इनेलो और जजपा के प्रत्याशियों का इंतजार है। इनेलो पहले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी है, जबकि जजपा की ओर से अभी तक कोई खास सक्रियता नजर नहीं आई है। नगर निगम चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन बुधवार को मेयर पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी कमल दीवान और निर्दलीय कमलेश कुमार सैनी ने नामांकन दाखिल किया। एडीसी अजय चोपड़ा ने दोनों के नामांकन पत्र स्वीकार किए। भाजपा और कांग्रेस द्वारा अभी तक पार्षद पद के उम्मीदवार घोषित नहीं किए जाने के कारण नगर निगम के 22 वार्डों में किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है।

■ भाजपा व कांग्रेस बुधवार को पार्षद प्रत्याशी घोषित नहीं किए



सोनीपत। राजीव जैन को मेयर टिकट मिलने पर बधाई देने पहुंचे मंत्री पंवार और शहर विधायक निखिल मदान।

## लग्जरी गाड़ियों के शौकीन हैं दीवान



कांग्रेस प्रत्याशी कमल दीवान के पास लगभग 15.89 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है। इनमें हरियाणा के अलावा दिल्ली और गोवा में आवासीय भवन शामिल हैं। साथ ही हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और अंडमान-निकोबार में कृषि योग्य भूमि भी है। उन्हें महंगी गाड़ियों का भी शौक है। उनके पास करीब 1.7 करोड़ रुपये की टोयोटा वेलफायर, 1.25 करोड़ रुपये की मर्सिडीज, 70 लाख रुपये की वोल्वो और 22 लाख रुपये की इनोवा है। इसके अलावा कमल दीवान और उनकी पत्नी के पास करीब 500 ग्राम सोने के आभूषण हैं। कुल मिलाकर उनके पास लगभग 9.5 करोड़ रुपये की चल संपत्ति है।

## आप ने चार पार्षदों के नामों का ऐलान किया

आम आदमी पार्टी ने सोनीपत नगर निगम मेयर पद के लिए सत्यवीर सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा पार्षद पदों के लिए वार्ड-1 से योगेश, वार्ड-17 से विकास, वार्ड-19 से विकास दहिया और वार्ड-22 से शेर मोहम्मद को उम्मीदवार घोषित किया गया है। हालांकि अन्य पार्टियों ने अभी तक पार्षद पदों के लिए अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं।



सत्यवीर सिंह

## दो मुख्यमंत्रियों के मीडिया सलाहकार रह चुके जैन



काफी जद्दोजहद और अटकलों के बाद भाजपा ने बुधवार दोपहर अपना मेयर प्रत्याशी घोषित किया। उम्मीद के मुताबिक पार्टी ने निवर्तमान मेयर राजीव जैन को ही उम्मीदवार बनाया। राजीव जैन पूर्व में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार रह चुके हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल और मनोहर लाल खट्टर के कार्यकाल में यह जिम्मेदारी निभाई है। खट्टर सरकार के पहले कार्यकाल में उनकी पत्नी कविता जैन कैबिनेट मंत्री भी रही हैं। राजीव जैन पिछले साल हुए नगर निगम उपचुनाव में जीत हासिल कर करीब आठ माह के लिए मेयर बने थे। बुधवार को पुरखास अड्डा स्थित उनके कार्यालय पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, विधायक निखिल मदान, पूर्व मंत्री कविता जैन, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के छोटे भाई माई राम कौशिक और गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक पहुंचे और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## 24 तैयारियों की समीक्षा करेंगे पुलिस चुनाव पर्यवेक्षक

पुलिस चुनाव पर्यवेक्षक हामिद अख्तर 24 अप्रैल को सोनीपत पहुंचेंगे और चुनाव से जुड़ी कानून-व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वे पूरे चुनाव के दौरान जिले में शांति और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सक्रिय रहेंगे। उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण, अवैध नकदी, शराब वितरण और हथियारों की आवाजाही पर निगरानी रखना शामिल है।

### शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई, आयोग को देंगे रिपोर्ट

चुनाव पर्यवेक्षक आम जनता, उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों से मिलने वाली शिकायतों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाएंगे और कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। वे सीधे हरियाणा राज्य चुनाव आयोग को रिपोर्ट करेंगे। आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस पर पर्यवेक्षक अधिकतम मतदान केंद्रों का दौरा करेंगे और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। जिला प्रशासन भी चुनाव को लेकर अलर्ट मोड पर है।

## खबर संक्षेप

### दो पिस्तौल व कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट पश्चिम की टीम ने दो अवैध पिस्तौल व कारतूस सहित युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विशु उर्फ निखिल उर्फ निक्का निवासी देहरा,पानीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 20 अप्रैल को मुख्य सिपाही धीरज अपनी टीम के साथ जीटी रोड, मुरथल अड्डा पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक गोहाना बाईपास मोड़ के पास अवैध हथियार लेकर खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास से दो देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### अवैध शराब बेचने का दूसरा आरोपी पकड़ा

**सोनीपत।** थाना कुंडली पुलिस ने अवैध शराब बेचने के एक पुराने मामले में संलिप्त दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान हवा सिंह निवासी गांव कुंडली, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। इस मामले में पहले अरुण को गिरफ्तार किया जा चुका था। अब जांच के दौरान दूसरे आरोपी हवा सिंह को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### बंद मकान में चोरी करने का आरोपी पकड़ा

**सोनीपत।** थाना सेक्टर-27 पुलिस ने बंद मकान से सामान चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बादल निवासी सुदामा नगर, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरीशुदा एल्युमिनियम चैनल, बिजली की तारें और बाथरूम के नल बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 21 अप्रैल को रमेश पुत्र हुकमचंद निवासी गांव पांची जाटान, हाल सेक्टर-15 ने शिकायत दी थी कि पड़ोस के बंद मकान से तोड़फोड़ की आवाज आने पर वह मौके पर पहुंचे। वहां एक युवक को थैले में सामान लेकर निकलते देखा और उसे पकड़ लिया। जांच करने पर थैले में मकान से चोरी किए गए टूटियां बिजली की तार और तीन एल्युमिनियम चैनल मिले। मामले में सहायक उप निरीक्षक प्रदीप ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सावित्री देवी का मरणोपरांत नेत्रदान करवाया

**सोनीपत।** महात्मा आशानन्द वधवा हिन्दू मंच के सहयोग से बुधवार को स्वर्गीय सावित्री देवी, धर्मपत्नी स्वर्गीय ओम प्रकाश निवासी मोहल्ला कोट, सोनीपत का मरणोपरांत नेत्रदान कराया गया। सावित्री देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं और माता के जागरण का आयोजन करती रहती थीं। नेत्रदान के लिए परिवार के सदस्यों विनोद कुमार, सोहन लाल भारती, सोनिया और भरत ने सहमति दी। यह नेत्रदान महात्मा आशानन्द वधवा हिन्दू मंच के महासचिव हरभगवान रहेजा व अन्य मौजूद रहे।

## आईपीएल में ऑनलाइन सट्टेबाजी का भंडाफोड़, दस आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

आईपीएल-2026 के दौरान सनराइज हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले जा रहे मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगवाने वाले गिरोह का बहालगढ़ थाना पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुल को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से बड़ी संख्या में लैपटॉप, मोबाइल फोन, टैब और फर्जी सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपित प्रतिबंधित फर्जी वेबसाइटों के माध्यम से लोगों को लालच देकर सट्टेबाजी में शामिल कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक, बहालगढ़ थाना के पीएसआई अरुण बंसल अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि एपेक्स ग्रीन सोसाइटी के टावर-सी स्थित फ्लैट नंबर-31 में आईपीएल मैच पर सट्टेबाजी करवाई जा रही है। सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया और सीआईए-1 टीम के साथ मिलकर मौके पर दबिश दी गई। पुलिस ने मौके से फ्लैट मालिक नमन सहित उसके सहयोगी संदीप (निवासी रिढाउ) तथा पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों के रहने वाले नीरज, साहिल, सचिन, कबीर, राहुल आदि को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कीमत करीब पांच लाख रुपये आंकी गई है। मामले की जांच जारी है। यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपितों ने अब तक कितने लोगों को सट्टेबाजी में शामिल किया और कितनी राशि का लेन-देन हुआ। छापेमारी से सट्टेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है।



■ लैपटॉप, मोबाइल और टैब सहित लाखों रुपये के उपकरण बरामद

## झुंडपुर में कूलर बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगी

■ आग पर काबू पाने के लिए कुंडली और खरखौदा से दमकल टीम बुलानी पड़ी

**सोनीपत।** झुंडपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब कूलर की बॉडी बनाने वाली एक फैक्टरी में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी इमारत धुएं के गुबार और आग की लपटों से घिर गई। अग्निशमन विभाग की पांच गाड़ियों ने करीब साढ़े तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर करीब एक बजे आग पर काबू पाया। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। झुंडपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित 'शीतल एयर कूलर' नामक फैक्टरी में कूलर की प्लास्टिक बॉडी तैयार की जाती थी।

फैक्टरी कर्मी उमाशंकर के अनुसार सुबह करीब साढ़े नौ बजे फैक्टरी के बाहरी हिस्से में शॉर्ट सर्किट हुआ। वहां रखे सामान में आग लगते ही लपटें तेजी से उठीं और पास में रखे प्लास्टिक दाने के बैगों तक पहुंच गईं। प्लास्टिक सामग्री होने के कारण आग ने तुरंत विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही सबसे पहले राई औद्योगिक क्षेत्र से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन आग की तीव्रता को देखते हुए कुंडली, खरखौदा और सोनीपत से भी दमकल की गाड़ियां बुलानी पड़ीं।

### जान जोखिम में डालकर सामान निकालने की कोशिश

आग लगने के बाद फैक्टरी के कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी अंदर फंसे कीमती सामान को बाहर निकालने की कोशिश करने लगे। हालांकि आग की लपटें और धुएं का दबाव बढ़ने पर मौके पर मौजूद अधिकारियों ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। फैक्टरी की इमारत में शीशे अधिक होने के कारण उनके टूटकर गिरने का खतरा बना हुआ था। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहे हैं, जिनमें अधिकारी कर्मचारियों को सुरक्षा के मद्देनजर अंदर जाने से मना करते नजर आ रहे हैं।

### नुकसान का आकलन जारी, कारणों की होगी जांच : विनोद कुमार

दमकल विभाग के उप अग्निशमन अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि सुबह 9:35 बजे सूचना मिलते ही टीमें मौके पर रवाना हो गई थीं। आग पूरी इमारत में फैल चुकी थी, जिस पर पांच गाड़ियों की मदद से काबू पाया गया। फैक्टरी मालिक अभिनव गर्ग के अनुसार आग से भारी नुकसान हुआ है। अग्निशमन विभाग अब आग लगने के सटीक कारणों की जांच कर रहा है।

## नशीले पदार्थ सहित युवक पकड़ा

**सोनीपत।** थाना कुंडली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपित की पहचान जयजीत निवासी गांव सिरसाढ़, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 21 अप्रैल 2026 को सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र अपनी टीम के साथ गांव बारोटा के पास गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि ट्यूलिप सोसाइटी के सामने एक युवक नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को काबू किया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास से 15.80 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

इस संबंध में थाना कुंडली एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।




## घर से नकदी और आभूषण चोरी करने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** थाना कुंडली पुलिस ने घर से आभूषण और नकदी चोरी के मामले में पांचवें आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान शिवम उर्फ तम्तर निवासी नांगलोई, दिल्ली के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार 5 जनवरी 2026 को राहुल पुत्र जयकिशन निवासी गांव नाहरी ने शिकायत दी थी कि वह अपने परिवार के साथ मुंबई गया हुआ था और घर पर ताला लगा हुआ था। वापस लौटने पर उसने देखा कि दरवाजों और अलमारियों के ताले टूटे हुए थे तथा सोने-चांदी के आभूषण और करीब 2.5 लाख रुपये चोरी हो चुके थे। इस मामले में पुलिस पहले ही चार आरोपितों अमित उर्फ बंटी, सौरभ, राकेश और कमलको गिरफ्तार कर चुकी है। अब सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र ने पांचवें आरोपित शिवम उर्फ तम्तर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 25 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## सट्टा खाईवाल गिरफ्तार हजारों की नकदी बरामद

**सोनीपत।** थाना बहालगढ़ पुलिस ने सट्टा खाईवाली के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पंकज निवासी जिला फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश, हाल निवासी बवाना, दिल्ली के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार 21 अप्रैल को मुख्य सिपाही यशपाल अपनी टीम के साथ बहालगढ़ फ्लाईओवर के नीचे गश्त कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि खेवड़ा रोड स्थित मंडी में एक व्यक्ति लोगों को सट्टा खिला रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और एक व्यक्ति को सट्टा लगवाते हुए काबू किया।तलाशी लेने पर उसके पास से 500 रुपये के 13 नोट, 200 रुपये के दो नोट और 100 रुपये के सात नोट बरामद हुए। कुल 7,700 रुपये की नकदी जब्त की गई।आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

## विधायक ने नपा को सौंपी गार्बेज वैन

**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नगरपालिका को कूड़ा उठाने वाली दो नई गार्बेज वैन भेंट कीं। बुधवार को देवा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने गार्बेज वैन का उद्घाटन किया और उन्हें वार्डों में सफाई कार्य के लिए रवाना किया।

ये गाड़ियां मुरथल स्थित ब्रेक पार्ट्स कंपनी द्वारा सीएसआर फंड के तहत दान की गई हैं, जिनकी कुल लागत करीब 25 लाख रुपये है। विधायक कादियान ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों के सहयोग से शहर की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गन्नौर की जनसंख्या के अनुसार वर्तमान में सफाई कर्मचारियों की संख्या कम है। भविष्य में जब गन्नौर नगरपालिका को नगर परिषद का दर्जा मिलेगा, तब कर्मचारियों और संसाधनों की संख्या बढ़ेगी और शहर को इसका लाभ मिलेगा।



## वाहन की टक्कर में युवक की मौत, दूसरा गंभीर

■ गन्नौर की चौकी ढाणी के पास हादसा ■ घायल युवक पीजीआई रोहतक रेफर

**गन्नौर।** जीटी रोड पर चौकी ढाणी के पास अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में एक दोस्त की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के पिता ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी है। शिकायत में पटेल नगर निवासी अतुल त्यागी ने बताया कि उनका बड़ा बेटा ध्रुव त्यागी सोनीपत में एक निजी कंपनी में कार्यरत था। 21 अप्रैल की रात ध्रुव और उसका दोस्त अनूप (निवासी गांव पट्टीकल्याणा, जिला पानीपत) जीटी रोड पर चौकी ढाणी के पास थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो ध्रुव की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि अनूप गंभीर रूप से घायल था। उसे उपचार के लिए पीजीआई, रोहतक में भर्ती कराया गया है। थाना बड़ी पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि दोनों सड़क पार कर रहे थे, तभी किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में ध्रुव की मौत हो गई, जबकि अनूप गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ध्रुव और अनूप बाइक पर घर से निकले थे, लेकिन जहां हादसा हुआ, वहां उनकी बाइक नहीं मिली। पुलिस वाहन चालक की तलाश के साथ-साथ बाइक की बरामदगी के प्रयास भी कर रही है।



ध्रुव (फाइल फोटो)

## ट्रैक्टर की टक्कर में बाइक सवार घायल, एक गंभीर

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 के गोल चक्कर के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। घायलों ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी है। शिकायत में गांव उमेदगढ़ निवासी आकाश ने बताया कि 20 अप्रैल को वह अपने छोटे भाई अजय के साथ बाइक पर बड़ी औद्योगिक क्षेत्र की ओर जा रहा था। जैसे ही वह फेज-1 के गोल चक्कर को पार करने लगा, तभी सामने से लापरवाही से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।घायलों को उपचार के लिए खानपुर मेडिकल में भर्ती कराया गया, जहां अजय की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गोहाना ड्रेन और विश्वकर्मा चौक से झुग्गियां हटाने के निर्देश

■ नगर परिषद की सख्ती, तीन दिन का समय दिया

**गोहाना।** शहर में अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर परिषद ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में बुधवार को ड्रेन नंबर-8 और विश्वकर्मा चौक के पास बनी झुग्गियों को हटाने के निर्देश जारी किए गए। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में नगर परिषद और पुलिस की संयुक्त टीम ने दोनों स्थानों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और वहां रह रहे लोगों को तीन दिन के भीतर स्वयं झुग्गियां हटाने के आदेश दिए। नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार, ड्रेन नंबर-8 के साथ लंबे समय से रास्ता अवरुद्ध है, जिससे आम लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। परिषद अब इस मार्ग का दोबारा निर्माण करवाएगी, जिसके लिए पहले अतिक्रमण हटाना जरूरी है। वहीं, विश्वकर्मा चौक के पास नगर परिषद द्वारा पार्क विकसित करने की योजना बनाई गई है। इस प्रोजेक्ट के लिए टेंडर भी लगाए जा चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि पार्क बनने से क्षेत्र के लोगों को हरित क्षेत्र मिलेगा और शहर की सुंदरता में भी इजाफा होगा। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा, ताकि किसी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि तय समय सीमा के बाद यदि झुग्गियां नहीं हटाई गईं, तो नगर परिषद कार्रवाई करेगी।

South Point
GROUP OF INSTITUTIONS, SONEPAT
WALK IN INTERVIEW
ON 26 APRIL 2026 (SUNDAY) AT 10:00 A.M.
• Assistant Professor in Computer Science, Management, Mechanical & Civil Engineering
• PS to Director, Admission Coordinator, Telecaller
• Principal / Assistant Professor / Tutor in Nursing
• Principal / Assistant Professor in Pharmacy
• Front Desk Officer / Supervisor / Peon
Experienced Candidates with excellent communication skills would be given preference. Salary no bar for the deserving candidates. Please carry a copy of testimonials (10th onwards) with 2 passport size photographs.
Venue : Purkhas Road, Near Sugar Mill Flyover, Sonepat (Hr.)
Admission Helpline 0130-2216804 www.southpoint.net.in
98120 20033, 9812421919



शरीर के भीतर कोई बीमारी पनप रही है, इसकी जांच के लिए अलग-अलग टेस्ट तो किए ही जाते हैं। लेकिन अगर ध्यान दें तो आंखों से भी कई तरह के हेल्थ इंडिकेशंस मिल सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

# आंखें देती हैं हेल्थ इंडिकेशंस




एलर्टनेस
डॉ. मधुस्मिता बेहेरा
नेत्र रोग विशेषज्ञ


हमारी आंखें, शारीरिक स्वास्थ्य की खिड़की जैसी होती हैं। इसलिए सेहत पर नजर रखने के लिए समय-समय पर नेत्र रोग विशेषज्ञ को जरूर दिखाते रहें। आंखों के पिछले हिस्से यानी रेटिना से चिकित्सक को आपकी नर्व्स और ब्लड वेसल्स का हाल पता चल जाता है। इनका बारीकी से मुआयना करने पर कई खतरनाक रोगों का शुरुआती चरण में ही पता चल जाता है, जिससे समय पर इलाज शुरू करवा कर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

**ब्रेन हेल्थ:** आंखों की पुतली और ऑप्टिक नर्व सीधे मस्तिष्क से जुड़ी होती हैं, जिससे ट्यूमर या अल्जाइमर जैसी स्थितियों का संकेत मिल सकता है। आंखों के पीछे रेटिना में वसा और कैल्शियम के छोटे जमाव अल्जाइमर रोग का संकेत हो सकते हैं। शोध के अनुसार, दृष्टि में बदलाव डिमेंशिया के निदान से कई साल पहले आ सकते हैं।

**ब्रेन ट्यूमर:** आंखों की जांच के दौरान ऑप्टिक नर्व (दृष्टि तंत्रिका) में सूजन या दबाव का पता चल सकता है, जो मस्तिष्क में ट्यूमर का संकेत हो सकता है।

**हृदय रोग:** पलकों के आस-पास वसा जमा होना या रक्त वाहिकाओं की स्थिति हृदय संबंधी जोखिमों को दर्शा सकती है। फ्लोरिडा (अमेरिका) की नोवा साउथ ईस्टर्न यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ ऑप्टोमेट्री आई केयर इंस्टीट्यूट के एसोसिएट प्रोफेसर और नेत्र रोग विशेषज्ञ जोसेफ पिजिमेंटी कहते हैं कि हम आंखों के चेकअप से ब्रेन ट्यूमर और ब्रेस्ट कैंसर से लेकर लंग्स कैंसर तक का पता लगा सकते हैं जिनका प्रभाव आंखों तक पहुंच जाता है। नेत्र रोग विशेषज्ञ मरीज की दृष्टि में आए परिवर्तन की जांच करके ब्रेन ट्यूमर का पता लगा सकते हैं।

**डायबिटीज:** टाइप 2 डायबिटीज के शुरुआती संकेतों में से एक है रेटीना में मामूली मात्रा में ब्लीडिंग होना, जो डायबिटिक रेटीनोपैथी का लक्षण है। इसका समय पर इलाज शुरू न किया जाए, तो मरीज अपनी दृष्टि पूरी तरह खो सकता है। डायबिटिक रेटिनोपैथी का शुरुआती चरण में पता चल जाए तो जीवनशैली में बदलाव लाकर, पौष्टिक भोजन के माध्यम से और वजन घटाकर दृष्टिहीनता के खतरे को कम किया जा सकता है।

**उच्च रक्तचाप:** न्यूयॉर्क (अमेरिका) की विल कोर्नेल मेडिकल कॉलेज में ऑफ्थेल्मोलॉजी की प्रोफेसर जेसिका सिराल्सकी कहती हैं, ब्लड वेसल्स को पहुंची क्षति, धमनियों में सिकुड़न और उनका कमजोर होना आदि उच्च रक्तचाप की निशानी हो सकते हैं। अमेरिकन जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक रेटीना की छोटी ब्लड वेसल्स का संकरा होना हार्ट डिजीज का संकेतक हो सकता है।

**मल्टीपल स्क्लेरोसिस:** अमेरिकन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मिटशेल मुनसोन बताते हैं कि ऑप्टिक नर्व का इनफ्लेमेशन यानी ऑप्टिक न्यूराइटिस, मल्टीपल स्क्लेरोसिस का शुरुआती लक्षण हो सकता है। मल्टीपल स्क्लेरोसिस के 75 फीसदी मरीजों में ऑप्टिक न्यूराइटिस होता है। लेकिन ऑप्टिक न्यूराइटिस का मतलब यह जरूरी नहीं कि मरीज को एमएस डिजीज भी हों, यह किसी अन्य कारण से भी हो सकता है।

**रूमेटाइड आर्थराइटिस:** विशेषज्ञ बताते हैं कि रूमेटाइड आर्थराइटिस के 25 फीसदी मरीजों में आंखों की समस्या भी पाई जाती है। जिनमें ड्राई आइज की समस्या सबसे आम है। अगर किसी मरीज की आइरिस में साल में दो बार दर्द और इन्फ्लेमेशन की शिकायत हो, तो उसमें रूमेटाइड आर्थराइटिस की संभावना होती है।

कहने का सार है कि आपको अपनी आंखों की रेग्युलर जांच करानी चाहिए। *

प्रस्तुति: अंजू जैन


हेल्थ सजेशन
शिखर चंद जैन


सभी हेल्थ एक्सपर्ट्स का यह मानना है कि स्वस्थ-निरोगी तन और दीर्घायु जीवन रातों-रात प्राप्त नहीं किया जा सकता है। बल्कि यह हमारे रोजमर्रा की जीवनशैली में शामिल छोटी-छोटी अच्छी आदतों का परिणाम होता है। आपकी जीवनशैली और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधा संबंध होता है। आधुनिक विज्ञान यह साबित कर चुका है कि हमारी दैनिक आदतें हमारे जीन से भी ज्यादा प्रभावशाली हो सकती हैं। वैज्ञानिक शोधों के आधार पर यहां 10 ऐसी हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपका अच्छा स्वास्थ्य तय करते हैं। यानी इन सूत्रों पर अमल करके आप स्वस्थ और ऊर्जावान बने रह सकते हैं।

स्वस्थ, ऊर्जावान और दीर्घायु जीवन की कामना लगभग सभी लोग करते हैं। लेकिन इसके लिए अपनी जीवनशैली में किन बातों को अमल में लाना जरूरी होता है, इस बारे में कम लोग ही जानते हैं। विभिन्न अध्ययनों पर आधारित हम यहां दस ऐसे कारगर सूत्रों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप लंबे समय तक स्वस्थ, ऊर्जावान जीवन जी सकते हैं।

# स्वस्थ जीवन के लिए अपनाएं 10 सरल-कारगर सूत्र







## प्लांट-बेस्ड डाइट को अपनाएं

दुनिया में मौजूद 'ब्लू जोन' (जहां रहने वाले लोग सबसे ज्यादा जीते हैं) पर किए गए अध्ययनों से पता चला है कि फल, सब्जियां और साबुत अनाज आधारित भोजन, कैंसर और हृदय रोगों को दूर रखता है। इसके लिए आपके भोजन की थाली का आधा हिस्सा फलों और सब्जियों से भरा होना चाहिए। साबुत अनाज (ओट्स, ब्राउन राइस) और बींस (दालें, मटर, लोबिया) को भी अपने आहार में शामिल करना लाभकारी होता है। पशु उत्पादों (मांस, डेयरी) को अपने आहार में कम शामिल करें, पूरी तरह बंद करना अनिवार्य नहीं है। प्रोसेस्ड फूड के सेवन से बचें और साबुत खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें।

## सर्केडियन रिदम रखें सही

सर्केडियन रिदम यानी शरीर की आंतरिक 24 घंटे एक्टिव रहने वाली घड़ी। यही हमारे सोने-जागने, हार्मोन स्तर, मेटाबॉलिज्म और तापमान को नियंत्रित करके स्वास्थ्य को बनाए रखती है। यह रात में मेलाटोनिन जारी कर अच्छी नींद, दिन में ऊर्जा और शरीर को रिपेयर करने में मदद करती है, जिससे तनाव कम होता है और शुगर/बी.पी. जैसी बीमारियों का जोखिम घटता है। शोध बताते हैं कि शरीर की आंतरिक घड़ी के अनुसार जागना और सोना मेटाबॉलिज्म को ठीक रखता है। समय पर सोने से हृदय रोग और डायबिटीज का खतरा कम होता है।



## तनाव प्रबंधन है बहुत जरूरी

अच्छे जीवन के लिए तनाव प्रबंधन भी जरूरी है। तनाव प्रबंधन, शरीर में कोर्टिसोल के स्तर को कम करके, रक्तचाप को नियंत्रित रखकर और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखता है। नियमित व्यायाम, पौष्टिक भोजन, पर्याप्त नींद और योग/ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन किया जा सकता है। यह अनिद्रा और थकान को दूर करता है, जिससे हृदय रोग और पुरानी बीमारियों का जोखिम कम होता है। लंबे समय तक तनाव रहने से 'कार्टिसोल' हार्मोन का स्तर बढ़ता है। रिसर्च कहती है कि ध्यान और योग क्रॉनिक इंफ्लेमेशन को कम करते हैं।

## अच्छी हो नींद की गुणवत्ता

'नेशनल स्लीप फाउंडेशन' के अनुसार, डेली 7-9 घंटे की गहरी नींद मस्तिष्क से विषाक्त पदार्थों को साफ करती है, जिससे अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। अच्छी नींद की गुणवत्ता शारीरिक मरम्मत, मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक संतुलन के लिए अनिवार्य है। यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है, तनाव वाले हार्मोन के स्तर को कम करती है, याददाश्त बढ़ाती है और वजन प्रबंधन में मदद करती है। बिना रुकावट वाली गहरी नींद, आपको ऊर्जावान बनाए रखने और पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए भी जरूरी है।

## सक्रिय जीवनशैली को अपनाएं

अच्छी हेल्थ के लिए सक्रिय जीवनशैली भी बहुत मायने रखती है। 'हार्वर्ड हेल्थ' (हार्वर्ड मेडिकल स्कूल) के अनुसार, रोजाना 30 मिनट की वॉकिंग दीर्घायु होने में सहायक हो सकती है। व्यायाम न केवल वजन घटाता है, बल्कि एंडोर्फिन नामक हार्मोन जारी करता है, जो मानसिक स्वास्थ्य सुधारता है। सक्रिय जीवनशैली, हृदय के स्वास्थ्य, वजन नियंत्रण और मानसिक मजबूती बढ़ाकर शरीर को स्वस्थ रखती है। यह हृदय रोगों, मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम करती है। इसके साथ ही मांसपेशियों/ हड्डियों को मजबूत बनाकर जीवन प्रत्याशा में वृद्धि भी करती है।



## सामाजिक जुड़ाव है बहुत जरूरी

'हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट' (करीब 80 साल तक चली स्टडी) में पाया गया कि अच्छे रिश्ते हमें खुश और स्वस्थ रखते हैं। अकेलापन, धूम्रपान जितना ही हानिकारक होता है। सामाजिक जुड़ाव मानसिक तनाव, अवसाद और चिंता को कम करके, दीर्घकालिक बीमारियों का जोखिम घटाकर और स्वस्थ व्यवहारों (जैसे व्यायाम, अच्छी नींद) को बढ़ावा देकर स्वास्थ्य में सुधार करता है। परिवार और दोस्तों के साथ मजबूत रिश्ते सकारात्मक भावनाएं, जीवन में उद्देश्य प्रदान करते हैं, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

## हाइड्रेशन लेवल ना हो कम

अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना भी आवश्यक होता है। ऐसा करना गुर्दे यानी किडनी की कार्यक्षमता और ऊर्जा के स्तर को बनाए रखता है। शोध बताते हैं कि सही मात्रा में हाइड्रेशन, त्वचा और पाचन के लिए भी अनिवार्य है। यह शारीरिक तापमान को नियंत्रित करता है, जोड़ों को चिकनाई प्रदान करता है, पोषक तत्वों का परिवहन करता है, ऊर्जा स्तर बनाए रखता है और पाचन में मदद करता है। रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से किडनी स्वस्थ रहती है और विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते रहते हैं।

## गट हेल्थ हो सही

अच्छी हेल्थ और गट हेल्थ के रिलेशन पर किया गया हालिया रिसर्च, 'गट-ब्रेन एक्सिस' पर जोर देता है। प्रो-बायोटिक्स और फाइबर युक्त भोजन हमारे इम्यून सिस्टम को 70-80 प्रतिशत तक नियंत्रित करते हैं। इसलिए गट हेल्थ पर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

## स्क्रीन टाइम ना हो अनलिमिटेड



**अत्यधिक मोबाइल** का उपयोग मानसिक थकान और आंखों की समस्याओं की वजह बन सकता है। कई शोध बताते हैं कि आज के समय में डिजिटल डिटॉक्स जरूरी हो गया है। स्क्रीन एडिक्शन के बजाय नेचर के करीब समय बिताने से ब्लड प्रेशर तुरंत कम होता है। स्क्रीन का कम उपयोग दिमाग को शांत करता है, जिससे किसी काम में ध्यान (फोकस) बेहतर होता है। आंखों की सुरक्षा के लिए हर 20 मिनट के बाद 20 सेकेंड के लिए 20 फीट दूर देखने (20-20-20 नियम) से आंखों का सूखापन और तनाव कम होता है। स्क्रीन-मुक्त समय में टहलने, योग करने या हॉबी अपनाने से शारीरिक गतिविधि बढ़ती है और मोटापा कम होता है। भोजन के समय या बेडरूम में फोन का उपयोग न करने से परिवार और दोस्तों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने का अवसर मिलता है, इससे आपको खुशी मिलती है।

## नशीले पदार्थों से रहें दूर

प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल 'द लैंसेट' की रिपोर्ट के अनुसार, शराब, तंबाकू या किसी भी अन्य नशीले पदार्थ का सेवन किसी भी स्तर पर सुरक्षित नहीं है। यह सीधे तौर पर डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों की वजह बन सकता है। इसलिए स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के लिए किसी भी नशीले पदार्थ का किसी भी रूप में सेवन हानिकारक हो सकता है। यहां बताई गई बातों को अपनी जीवनशैली में अपनाकर निश्चित ही आप स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जी सकते हैं। *

---


डिजीज
डॉ. अनुराग अग्रवाल
क्लिनिकल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स, ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट
मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद


लगभग एक हजार बच्चों में से एक को हिप ज्वाइंट से जुड़ा डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया रोग होता है। इसमें बच्चे की मूवमेंट प्रभावित हो सकती है। समय पर ट्रीटमेंट न कराने पर प्रॉब्लम बढ़ सकती है। इस बारे में डिटेल में जानिए।

# डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप बच्चे के मूवमेंट को करता है प्रभावित



हाल ही में फिल्म एक्टर वरुण धवन की 2 साल की बेटी के एक फिजिकल प्रॉब्लम से उबरने की खबर सामने आई। उनकी बेटी डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप (डीडीएच) नामक विकार से जूझ रही थी, जो अब उपचार के बाद ठीक है।

**क्या है यह रोग:** डेवलपमेंटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप, बच्चों के हिप सॉकेट या कूल्हे के जोड़ में होने वाली विकृति है। इसे हिप डिसप्लेसिया भी कहा जाता है। जोड़ शरीर का वह हिस्सा होता है, जहां दो हड्डियां आपस में मिलती हैं। हिप का जोड़ जांघ की हड्डी (फीमर) और पेल्विस के बीच का जुड़ाव बिंदु होता है। डीडीएच में हिप का जोड़ नॉर्मल स्वस्थ जोड़े की तरह विकसित नहीं हो पाता और काफी उथला या ढीला हो जाता है। फीमोरल हेड बॉल (फीमर का ऊपरी भाग) पेल्विस में मौजूद हिप सॉकेट (एसीटैबुलम) में सही तरीके से फिट नहीं हो पाता और बाहर निकलने लगता है। जिसकी वजह से मरीज का हिप-लक्सेशन शुरू हो जाता है यानी हिप अपनी जगह से खिसक जाती है। जांघ के अंदरूनी हिस्से-ग्रोइन में सामान्य से ज्यादा गहरे स्किन-फोल्ड या क्रीज बन जाती हैं। पैर के बाहर की तरफ खोलने का मूवमेंट रुक जाता है। जिस पैर में यह दिक्कत होती है, वो पैर थोड़ा छोटा हो सकता है। बच्चे को हिप में अकड़न-सी महसूस होती है, मूवमेंट करने पर हिप के अंदर चटकने या क्लिक की आवाज आती है।

**क्या होता है असर:** डीडीएच डेवलपमेंटल डिसऑर्डर है, जो बचपन में ही हो जाता है। ध्यान न देने पर धीरे-धीरे समस्या बढ़ती जाती है। बच्चे को क्रॉनिक दर्द रहता है। उसके हिप के मूवमेंट बहुत कम हो जाते हैं। पैर छोटे-बड़े हो जाने पर बच्चे को चलने-फिरने में दिक्कत आती है। नजरअंदाज करने पर बड़े होने पर बच्चे को हिप ऑस्टिओअर्थराइटिस हो सकता है। यानी हिप खराब होने और चाल में स्थाई रूप से लंगड़ापन आने की संभावना रहती है। जबकि सही ढंग से उपचार होने पर बच्चा सामान्य जीवन जी सकता है।

**समस्या के कारण:** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं।

- आनुवांशिक, जेनेटिक फैक्टर्स की वजह से होता है।
- ब्रीच पाश्जीशन/उल्टे पैदा हुए बच्चे जो जन्म के समय सिर के बजाय हिप्स के माध्यम से पैदा होते हैं।
- प्री-मैच्योर पैदा हुए बच्चे।
- पैरेंट्स की गलत आदतें जैसे बच्चे को उठाते या सुलाते समय बच्चे के पैर सीधे करके हिप्स को चादर, टावल या कंबल से कसकर बांधना।

**किन्हें है खतरा:** लड़कियों में लड़कों की अपेक्षा 80 प्रतिशत मामले ज्यादा होते हैं। पहली संतान को ज्यादा खतरा रहता है।

**न करें नजरअंदाज:** पैरेंट्स को इसके कोई भी लक्षण नजर आएं, तो डॉक्टर से कंसल्ट कर उपचार कराना चाहिए। बच्चे का पैरों की लंबाई या जांघों के आस-पास ग्रोइन एरिया के स्किन-फोल्ड असमान दिखाई दें, हिप के आस-पास हाथ लगाने पर कोई आवाज सुनाई दे या हिप के मूवमेंट प्रॉपर न हों या मूवमेंट सामान्य से कुछ कम लगे।

**कैसे होता है डायग्नोज:** डीडीएच को कंफर्म करने के लिए डॉक्टर बच्चे का हिप एब्डेक्शन टेस्ट या बार्लोस-मैनुअल टेस्ट करते हैं। साथ ही हिप फीमर की स्थिति की जांच के लिए 4-6 महीने के बच्चे का अल्ट्रासाउंड और बड़े बच्चे का एक्स-रे टेस्ट भी कराया जाता है।



**क्या है उपचार:** इस रोग का उपचार बच्चे की उम्र और समस्या की गंभीरता पर निर्भर करता है। 6 महीने से छोटे बच्चे का हिप हाथ लगाने पर अगर अंदर की तरफ रिड्यूस हो रहा है, तो बच्चे को पेल्विक हार्नेस ब्रेस लगाया जाता है। जो बच्चे के हिप्स को बाहर की तरफ फैलाकर और घुटनों को मोड़कर रखता है। हिप पर प्रेशर पड़ने से धीरे-धीरे रिड्यूस होकर स्टेबल हो जाता है। पेल्विस में एसीटैबुलम सॉकेट सही पोजीशन में आ जाता है, जिसमें फीमर हेड आसानी से फिट हो जाता है। शुरू में ब्रेस पूरे टाइम के लिए लगाया जाता है, कुछ टाइम बाद सिर्फ रात को लगाने के लिए कहा जाता है। अगर बच्चा 6 महीने से बड़ा है और हिप सही पोजीशन में नहीं जा पा रहा हो तो ऐसी स्थिति में हिप-रिडक्शन सर्जरी की जाती है और कुछ समय के लिए हिप स्पाइका कास्ट प्लास्टर लगाया जाता है। इस तरह की सर्जरी से पहले हिप को रिड्यूस करके सही पोजीशन में लाया जाता है। कुछ समय बाद यह फिट हो जाता है।

**रखें ध्यान:** बच्चे को डीडीएच की समस्या से बचाने के लिए पैरेंट्स को यहां बताई जा रही बातों पर अमल करना जरूरी है।

- पैदा होने पर बच्चे के हिप्स को बहुत ज्यादा कसकर नहीं बांधें, ताकि बच्चा अपने घुटने को किक करने वाले मूवमेंट को आराम से कर सके।
- बच्चे के पैरों को लंबे समय तक जबरदस्ती सीधे करके नहीं रखें। हिप और घुटने का मूवमेंट होते रहना बहुत जरूरी है।
- बच्चे को उठाते समय ध्यान रखें कि बच्चा फ्रॉग और एम पोजीशन में रहे ताकि बच्चे का हिप्स और हिप सॉकेट एसीटैबुलम ठीक पोजीशन में हो।
- बच्चे को सीट पर बिठाते समय ध्यान रखें कि उसके घुटने-हिप्स के ऊपर हों।
- बच्चों के चलने-फिरने और फिजिकल ग्रोथ पर नजर रखें। किसी भी तरह की असामान्यता नजर आने पर यथाशीघ्र मेडिकल सलाह लें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा


अवेयरनेस
डॉ. माजिद अलीम


हालांकि अब देश में मलेरिया के मामले कम ही आते हैं। लेकिन अभी इसका पूरी तरह उन्मूलन नहीं हो सका है। **25 अप्रैल, विश्व मलेरिया दिवस** के मौके पर जानिए, मलेरिया उन्मूलन में क्या समस्याएं हैं और इसमें हम कैसे सहयोग दे सकते हैं।

# जब सभी लोग करेंगे प्रयास तभी मिलेगी मलेरिया से मुक्ति



हर साल 25 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व मलेरिया दिवस, केवल एक औपचारिक तारीख भर नहीं है बल्कि संकल्प का प्रतीक है। बीते एक दशक से हमारे देश ने इस दिशा में काफी प्रगति की है। यह प्रगति आशा जगाती है कि वह दिन अब दूर नहीं है, जब भारत मलेरिया मुक्त देश बनेगा।

**कम हो रहे मलेरिया के मामले:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में मलेरिया के मामलों और मौतों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। साल 2015 के बाद से मलेरिया के मामलों और मलेरिया से होने वाली मृत्यु दर में 70 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट हासिल की है और यह उपलब्धि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम और राज्यों के संबंधित प्रयास से हासिल हुई है।

**बनी हुई है चुनौती:** इस उपलब्धि के बावजूद देश के कई राज्यों मसलन ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड और पूर्वोत्तर राज्यों में विशेषकर इनके आदिवासी क्षेत्रों में आज भी मलेरिया एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, जिसका बड़ा कारण इन इलाकों की भौगोलिक कठिनाइयां, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और जागरूकता का अभाव है। फिर भी धीरे-धीरे हम अपने मलेरिया मुक्त लक्ष्य की तरफ बढ़ रहे हैं। भारत सरकार ने साल 2030 तक मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। यही वजह है कि पिछले कुछ सालों से सरकार एक साथ कई मोर्चों पर काम कर रही है।

**रोग के कारण-लक्षण:** मलेरिया एक परजीवी रोग है, जो प्लास्मोडियम नामक परजीवी के कारण होता है और यह संक्रमित मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। मलेरिया के प्रमुख लक्षणों में है- तेज बुखार और ठंड लगना, सिर दर्द और उल्टी, शरीर में दर्द या कमजोरी, गंभीर मामलों में बेहोशी और यदि समय पर इलाज न मिले तो मलेरिया जानलेवा भी हो सकता है। खासकर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए।

**उन्मूलन के प्रयास हैं जारी:** साल 2030 तक हम मलेरिया मुक्त हो सकें, इसके लिए सरकार कई स्तरों पर प्रयास कर रही है। जैसे- मच्छरों के प्रजनन स्थलों को, विशेषकर इसके सीजन में, खत्म करने का अभियान चलया जाता है, जिसके लिए रुके हुए पानी में कीटनाशकों का छिड़काव किया जाता है और लोगों को मच्छरदानी के अंदर सोने के लिए आगाह किया जाता है। डिजिटल निगरानी, ड्रोन के माध्यम से कीटनाशकों का छिड़काव और डेटा आधारित रणनीति तैयार की जाती है, जिससे मलेरिया के रोकथाम में स्थाई कमी आए, यह लक्ष्य होता है। स्कूलों, पंचायतों और मीडिया के माध्यम से लोगों को मलेरिया के संबंध में जागरूक किया जाता है कि समय रहते मलेरिया से कैसे बचा जा सके? मलेरिया का उन्मूलन तभी संभव होगा, जब सरकार के साथ-साथ आम जनता भी इस मामले में संवेदनशील होगी और सिर्फ सरकार के भरोसे हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेगी बल्कि अपने हिस्से की भी जरूरी सावधानियां बरतेगी, तभी मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारी से पूरी तरह से मुक्ति संभव है। *

## मलेरिया से बचने के उपाय




- घर की खिड़कियों पर जाली लगवाएं।
- जिस मौसम में मच्छरों का प्रकोप होता है, कोशिश करें पूरी बांह के कपड़ें पहनें।
- घर के आसपास पानी न जमा होने दें।
- कूलर, टंकी और गमलों को नियमित रूप से साफ करते रहें।
- मच्छर भगाने वाले क्रीम/कॉयल आदि का इस्तेमाल करें।
- फीवर होने पर तुरंत ब्लड टेस्ट कराएं।
- डॉक्टर की सलाह के बिना कोई दवा न लें और घर के बुजुर्गों व बच्चों का विशेष रूप से ध्यान रखें।

# पर्यावरण इंजीनियरिंग का नया कोर्स शुरू करने की तैयारी

# राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में 630 सीटों पर होंगे दाखिले

कुल सीटों में से 85 प्रतिशत सीटें प्रदेश के मूल निवासियों के लिए आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशानुसार स्थानीय राजकीय बहु तकनीकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र के लिए ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया का आगाज हो गया है। संस्थान की विभिन्न शाखाओं में निर्धारित 630 सीटों पर प्रवेश के लिए पंजीकरण खिड़की खोल दी गई है।

इस बार संस्थान प्रबंधन ने विद्यार्थियों की मांग और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए एन्वायरनमेंटल इंजीनियरिंग का नया कोर्स शुरू करने की योजना बनाई है जिसकी मंजूरी के लिए विस्तृत प्रस्ताव विभाग के मुख्यालय को भेजा गया है। पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। दाखिला प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और डिजिटल रखा गया है। संस्थान में उपलब्ध कुल सीटों में से 85 प्रतिशत सीटें प्रदेश के मूल निवासियों के लिए आरक्षित की गई हैं जबकि शेष 15 प्रतिशत सीटें अखिल भारतीय कोटे के तहत भरी जाएंगी। जो विद्यार्थी स्वयं आवेदन करने में असमर्थ हैं वे संस्थान में स्थापित सहायता केंद्र की मदद ले सकते हैं।

### विभिन्न शाखाओं में सीटों का गणित

| | |
|---|---|
| ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग | 120 सीटें |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 120 सीटें |
| कंप्यूटर इंजीनियरिंग | 90 सीटें |
| केमिकल इंजीनियरिंग | 60 सीटें |
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 60 सीटें |
| इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन | 60 सीटें |
| फाइनेंस अकाउंट एंड ऑडिटिंग | 60 सीटें |
| इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग | 60 सीटें |

### पूछताछ के लिए हेल्प डेस्क सक्रिय

दाखिले से पहले विद्यार्थी को कोई परेशानी न आए इसके लिए संस्थान में शिक्षकों की कमेटी बना दी गई है। पूछताछ के लिए हेल्प डेस्क सक्रिय है और सभी प्रवेश हरियाणा तकनीकी शिक्षा बोर्ड के नियमों के तहत ही सुनिश्चित किए जाएंगे।

-प्रवेश सांगवान प्राचार्य राजकीय बहुतकनीकी संस्थान

### शिक्षकों की विशेष कमेटी का गठन

हरियाणा के निवासी विद्यार्थियों के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य किया गया है। साथ ही इसमें आय का सत्यापन होना आवश्यक है। आवेदन के समय अभ्यर्थियों को दसवीं की अंकतालिका आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र और नवीनतम आय प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। दाखिला प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों को तकनीकी या अन्य समस्याओं का सामना न करना पड़े इसके लिए प्राचार्य ने शिक्षकों की एक विशेष कमेटी का गठन किया है। संस्थान परिसर में हेल्प डेस्क बनाया गया है जहां सुबह से शाम तक विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे।

### योग्यता और चयन का आधार

*इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास निर्धारित की गई है। खास बात यह है कि दाखिले के लिए कोई अलग से प्रवेश परीक्षा नहीं होगी बल्कि दसवीं कक्षा के अंकों के आधार पर तैयार मेरिट सूची से ही विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। वर्तमान में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे छात्र भी प्रक्रिया का हिस्सा बन सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 मई निश्चित की गई है। इसके उपरांत 21 मई से आवेदक अपनी पसंद की ब्रांच और संस्थान का चुनाव करने के लिए च्वाइस लॉकिंग प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। च्वाइस लॉक होने के बाद विभाग की वेबसाइट पर सीट आवंटन का परिणाम घोषित किया जाएगा।*

## सोनीपत से युवाओं का कूच का ऐलान

# प्रस्तावित छात्र महापंचायत की तैयारियों पर रणनीति बनाई



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित जजपा नेता एवं पदाधिकारी।

- सीआईए इंचार्ज और दुष्यंत चौटाला विवाद पर अभय चौटाला की प्रतिक्रिया, कार्यशैली पर उठाए सवाल
- हिसार छात्र महापंचायत की तैयारियों को लेकर जजपा ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

सेक्टर-33 राठधना स्थित विजय फार्म हाउस में जननायक जनता पार्टी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा ने की। बैठक में हिसार में पुलिस द्वारा पार्टी नेतृत्व और छात्रों के साथ हुए व्यवहार की निंदा करते हुए 27 अप्रैल को प्रस्तावित छात्र महापंचायत की तैयारियों पर रणनीति बनाई गई। अशोक सरोहा ने कहा कि हिसार की घटना हरियाणा के इतिहास में काला अध्याय है। आरोप लगाया कि पूर्व उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जब गिरफ्तार कार्यकर्ताओं से मिलने जा रहे थे, तब पुलिस ने उनका रास्ता रोका और एक अधिकारी द्वारा उन पर पिस्टल तानना लोकतंत्र पर कलंक है। उन्होंने कहा कि यदि पूर्व उप-मुख्यमंत्री के साथ ऐसा व्यवहार हो सकता है, तो आम जनता की सुरक्षा पर भी सवाल उठता है। बैठक में यह भी कहा गया कि गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी के छात्रों और इनसो कार्यकर्ताओं पर बिना ठोस कारण गंभीर धाराएं लगाकर मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान सुमित राणा, अजित आंतिल, बिजेंद्र आंतिल, सियानंद त्यागी, मास्टर दिनेश चौहान, राजा सहरावत, शीलू खांसा, रवि दहिया, भाना राम, राजबीर चैयरमेन, रेणु आंवली, बलजीत मालिक, प्रधान राजपाल सेवली, दिलबाग सिंह आंतिल, अमित आंतिल, अजय कुहाड़, जगबीर सिंह, रणबीर सरोहा, जगदीश सेरसा, सुनील बड़ौली, अनिल त्यागी, प्रवीन आंतिल, सुरेश गामड़ी, कुलदीप सिंह नैन, भीम मेहरा, रामकुमार मुकीमपुर, संदीप नाहरी, ओमप्रकाश सेवली, रामचंद्र देशवाल, सूरजभान, रणबीर सिंह, जुगतिराम, प्रकाश कथूरा, मनोज कुमार, नरसी कल्पा, अनिल मोर, रमेश पहलवान बड़ौली, सागर दहिया, सौरभ मलिक, अनिल सरोहा, प्रवीण आंतिल मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### इको बैग टैग मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रा पूर्णिमा अव्वल



**गोहाना।** गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में मंगलवार को हमारी शक्ति हमारा गृह थीम के साथ पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक ने शिक्षक एवं विद्यार्थियों के साथ पौधारोपण करके किया। कक्षा तीसरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों बैज मेकिंग, इको बैग टैग मेकिंग, पेपर प्लेट स्टेटमेंट पीस, भाषण व कविता प्रतियोगिताओं के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। इको बैग टैग मेकिंग प्रतियोगिता में पूर्णिमा प्रथम, हिमांशी द्वितीय और कनिष्का तृतीय रही। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं से खुशी प्रथम और कविता प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं से गीतिका प्रथम रही। पेपर प्लेट स्टेटमेंट पीस में रिया और अंशिका संयुक्त से प्रथम, किरण और पलक द्वितीय जबकि अश्चिम तृतीय स्थान पर रही।



### विदेशी विद्यार्थियों ने महिलाओं के हुनर को सराहा

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 12 स्थित कम्युनिटी सेंटर में संचालित पाठशाला में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निजी विवि के छात्रों के साथ विदेशी छात्रों ने हिस्सा लिया। बता दें कि हाल ही में विवि के छात्रों ने फाउंडेशन से जुड़कर महिलाओं द्वारा बनाए गए सुंदर पाउच विदेशी छात्रों को भेंट किए। इन उत्पादों से प्रभावित होकर विदेशी छात्रों ने स्वयं फाउंडेशन पहुंचकर महिलाओं से मिलने की इच्छा जताई। फाउंडेशन पहुंचने पर सदस्यों ने उनका स्वागत किया। विदेशी छात्रों ने महिलाओं से कढ़ाई के माध्यम से अपने नाम के पहले अक्षर लिखवाए और उनके जीवन व आत्मनिर्भर बनने की कहानी को जाना। इस दौरान छात्रों को भारतीय संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। उन्हें गोलगप्पे खिलाए गए और महिलाओं ने मेहंदी लगाकर इस मुलाकात को यादगार बनाया।



### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आशीष ने मारी बाजी

**खरखौदा।** जेबीएच सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पृथ्वी दिवस पर चित्रकला और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपनी रचनात्मकता के माध्यम से प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। छात्रों ने अपनी कला के माध्यम से हमारी पृथ्वी, हमारा भविष्य और प्लास्टिक मुक्त भारत जैसे गंभीर विषयों पर बेहद प्रभावशाली पोस्टर बनाए। विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से जल संरक्षण, वृक्षारोपण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों को दर्शाया। पोस्टर और पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा सातवीं से आशीष ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कक्षा नौवीं से मानसी और तृतीय स्थान कक्षा पांचवी से वंदना व कक्षा आठवीं से खुशी ने प्राप्त किया।

### नवाचार दिवस पर कैडेट्स ने दिखाई रचनात्मकता




**सोनीपत।** हिंदू गर्ल्स कॉलेज की एनसीसी इकाई द्वारा विश्व सृजनात्मकता एवं नवाचार दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टन नीतू नसीयर दूहान के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर कैडेट्स ने पोस्टर निर्माण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय स्तर पर लेह-लद्दाख के ग्लेशियरों के पिघलते जल के संरक्षण एवं उपयोग जैसे नवाचारों पर चर्चा की गई, वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एआई आधारित नवीन तकनीकों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में एसयूओ कनिका और कैडेट अंजलि ने भाषण प्रस्तुत किए। वहीं कैडेट महक, साक्षी कौशिक, रितिका, मानसी और मानसी लाकड़ा ने आकर्षक पोस्टर बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



### रितेश मिस्टर फेयरवेल व हर्षित मिस्टर पर्सनालिटी चुने

**सोनीपत।** छोटू राम आर्य महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा और संस्कारों के साथ भावनात्मक माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जेएस फोर ने की। उन्होंने छात्रों को राष्ट्र निर्माण में राजनीति विज्ञान की भूमिका समझाते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विभागाध्यक्षा प्रोफेसर उषा दहिया ने विद्यार्थियों को अनुशासन और मेहनत का महत्व बताते उनके सफल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निर्णायकों द्वारा घोषित परिणामों में बीए ऑनर्स में रितेश मिस्टर फेयरवेल और हर्षित मिस्टर पर्सनालिटी चुने गए। एमए वर्ग में महेश मिस्टर फेयरवेल तथा रवि मिस्टर पर्सनालिटी बने, जबकि छात्राओं में ज्योति मिस फेयरवेल और सरिता मिस पर्सनालिटी रहीं।



### पंजाबी सेवा संगठन बेटियों को फ्री कम्प्यूटर शिक्षा देगा

**गोहाना।** पंजाबी सेवा संगठन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 21 बेटियों को फ्री कम्प्यूटर शिक्षा दी जाएगी ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। संगठन द्वारा बेटियों के लिए फ्री कम्प्यूटर शिक्षा 1 मई से शुरू की जाएगी। बुधवार को नगर परिषद सफाई कर्मचारी यूनियन गोहाना इकाई की अध्यक्ष बीरमति देवी ने संगठन के इस सेवा से जुडक़र 11 बेटियों का निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा के लिए पंजीकरण करवाया। संगठन के अध्यक्ष सुमित कक्कड़ के अनुसार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि की बेटियों के लिए निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा की सेवा एक मई से शुरू की जाएगी। इस सेवा का लक्ष्य 2100 बेटियों को निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा देकर उनको आत्मनिर्भर बनाना है।



### एसडीएम ने किया खरखौदा अनाज मंडियों का निरीक्षण

**खरखौदा।** एसडीएम अमित कुमार ने फूड इंस्पेक्टर प्रवेश कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ क्षेत्र की अनाज मंडियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खरखौदा अनाज मंडी पहुंचकर मार्केटिंग कमेटी बोर्ड के कार्यालय में ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक की और परिवहन व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम ने ट्रांसपोर्ट व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त आदेश देते कहा कि किसानों और व्यापारियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने समय पर उठान और सुचारु परिवहन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इसके बाद एसडीएम फरमाना स्थित अनाज मंडी पहुंचे, जहां उन्होंने मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी 20 को बिजली मंत्री का करेंगे घेराव

**गोहाना।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर बुधवार को गोहाना यूनिट की मीटिंग बरोदा रोड स्थित शहरी कार्यालय में संपन्न हुई। अध्यक्षता यूनिट प्रधान नितेश शर्मा ने की व संचालक यूनिट सचिव सोहन शर्मा ने किया। राज्य कमेटी के सदस्य व सर्व कर्मचारी संघ गोहाना इकाई के प्रधान सुरेश ने कहा कि दिसंबर 2025 को पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि जिन कर्मियों को किसी भी विभाग में काम करते 10 साल हो गए हैं उनको बिना शर्त के पक्का किया जाए।

### योग एवं ध्यान से परीक्षा तनाव प्रबंधन के टिप्स दिए

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि में छात्रावास संख्या 12 व 14 में योग एवं ध्यान के माध्यम से परीक्षा तनाव प्रबंधन विषय पर एक व्याख्यान किया गया। सत्र का संचालन मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ की नोडल अफसर प्रो. संतोष हुड्डा ने किया। कार्यक्रम में निदेशक खेल विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना को-ऑर्डिनेटर डॉ. बबीता ने योग एवं ध्यान के माध्यम से परीक्षा के दौरान तनाव को कम करने तथा मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने संबंधी टिप्स दिए।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान का समर्थन

**खरखौदा।** संघर्ष कमेटी खरखौदा के प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त के नाम ज्ञापन तहसीलदार बिजेंद्र को सौंपा। जिसमें मांग की है कि बेशक अतिक्रमण को हटाया जाए लेकिन डिवाइडर ना हटाए जाएं। उनकी दलील है कि शहर में पहले जाम की स्थिति बनी रहती थी और घंटों तक यातायात अवरूद्ध रहता था।

## हिसार के क्रांतिम पार्क में होगी महापंचायत

# जजपा नेताओं पर मुकदमे दर्ज करना बड़ी साजिश : लठवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना



डॉ. जोनी लठवाल

हिसार की गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी के बाद कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में इनसो के छात्र संवाद कार्यक्रमों के दौरान जजपा युवा प्रदेश अध्यक्ष, जसविंदर खेहरा समेत इनसो नेताओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज के बाद जजपा के युवा संगठन ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। टिप्पणी जजपा युवा प्रदेश महासचिव डॉ. जोनी लठवाल ने की। लठवाल ने इसे राजनीतिक साजिश बताया। डॉ. जोनी लठवाल ने कहा कि छात्र संवाद कार्यक्रमों के सफल आयोजन के बाद जेजेपी की बढ़ती लोकप्रियता को कम करने के लिए सरकार के आला नेताओं के आदेश पर झूठे मुकद्मे दर्ज किए। जोनी ने सवाल किया कि जब हरियाणा प्रदेश के शिक्षण संस्थाओं और विश्वविद्यालयों में एबीवीपी, विश्व हिंदू परिषद और आ र एस एस जैसे संगठन अपने ट्रेनिंग कैम्प आयोजित कर सकते है तो इनसो द्वारा छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित करने में भला क्या परेशानी है। उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच करके दिग्विजय चौटाला और जसविंदर खहरा समेत इनसो नेताओं पर दर्ज झूठे मुकद्दमे वापस नहीं लिए गए तो, छात्र आंदोलन केवल हरियाणा तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि समूचे उत्तर भारत में इसका बिगुल बजेगा।

# गोसेवा के प्रति संकल्पित है प्रदेश की नायब सरकार : डॉ. अरविंद

- दर्जनभर गोशालाओं को चारा अनुदान के लिए ढाई करोड़ के चेक वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना



गोहाना। गोशाला प्रबंधन समितियों के प्रतिनिधियों को चेक देते मंत्री के पीए सुनील शर्मा।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश की नायब सरकार गो सेवा के प्रति संकल्पित है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में गोसेवा को लेकर निरंतर काम किया जा रहा है, ताकि गोवंश का उत्थान और सम्मान बढे। आज गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ प्रदेश सरकार अनुदान देकर उनकी सहूलियत बढा रही है। बुधवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के सोनीपत रोड, गोहाना स्थित कार्यालय में गोसेवा आयोग के माध्यम से चारा अनुदान के लिए गोहाना व बरोदा विधानसभाओं की दर्जनभर गोशालाओं के लिए ढाई करोड़ के चेक वितरित किए। धर्मार्थ गोशाला भठगांव को 62 लाख 61 हजार 60 रुपये, श्री कृष्ण गोपाल गोशाला बली-ब्राह्मणान को 43 लाख 32 हजार 260 रुपये, श्री कृष्ण वासुदेव गोशाला मुंडलाना को 33 लाख 92 हजार 500 रुपये, श्री मुरलीदास गोशाला कासंडा को 26 लाख 59 हजार 720 रुपये, श्री नंदलाला गौधाम समिति ठसका रोड गोहाना को 23 लाख 49 हजार 680 रुपये, बाबा गगन साध मंदिर एवं गोशाला तिहाड़ मलिक को 17 लाख 19 हजार 20 रुपये, श्रीकृष्ण आदर्श गोशाला सेवा समिति देवीनगर को 14 लाख 37 हजार 500 रुपये, श्री गोपाल कृष्ण गोशाला सेवा समिति गोहाना को 13 लाख 28 हजार 480 रुपये का चेक वितरित किया।

# अन्य दलों से इनेलो में वापसी करने वाले नेताओं का फूल मालाओं से स्वागत

- इनेलो सोनीपत नगर निगम का चुनाव मजबूती से लड़ेगी : कुणाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा



खरखौदा। इनेलो में शामिल होने वालों का स्वागत करते नेता।

जजपा व भाजपा छोड़कर इनेलो में शामिल होने वाले नेताओं का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। भाजपा के सह संयोजक एवं विधानसभा चुनाव लड़ चुके राजू धानक, जेजेपी प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रोहताश दहिया, जेजेपी हलका खरखौदा अध्यक्ष देवेंद्र दहिया, जेजेपी एस सी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने अपनी पार्टी को अलविदा कहते हुए इनेलो पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। इस मौके जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कहा कि इनेलो पार्टी सोनीपत नगर निगम का चुनाव मजबूती से लड़ेगी। जनता कांग्रेस और बीजेपी से तंग आ चुकी है। उन्होंने कहा कि खरखौदा हलके से जिन 4 वरिष्ठ लोगों ने इनेलो पार्टी में आस्था जताते हुए पार्टी में शामिल हुए हैं, उन्हें पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। इनके पार्टी में शामिल होने से खरखौदा हलके में इनेलो को मजबूती मिली है। स्थापित कांग्रेस नेता किसी को आगे बढ़ने का अवसर नहीं दे रहे। जबकि भाजपाई आपसी तनातनी में उलझे हुए हैं। जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।



सोनीपत। भाजपा युवा मोर्चा पदाधिकारी विरोध प्रदर्शन करते हुए।

### भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**सोनीपत।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सुभाष चौक पर जन आक्रोश प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शन 'नारी वंदन अधिनियम' के खिलाफ रची गई कथित साजिश और महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने के विरोध में किया गया है। कांग्रेस के विरोध में राहुल गांधी का पुतला फूंका गया और कांग्रेस मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस प्रदर्शन का नेतृत्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवीन दहिया के नेतृत्व में किया गयाऔर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष व जिला परिषद चेयरमैन मोनिका दहिया संयुक्त रूप से किया। इस प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, विधायक निखिल मदान, निवर्तमान मेयर राजीव जैन, जिला महामंत्री संदीप राणा, नितेश त्यागी, जिला महामंत्री सुमित अंतिल, सह-संयोजक प्रिया गुलिया, प्रवेश सहरावत, कोमल बब्बर और ज्योति नागर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



सोनीपत। आर्य समाज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण।

### वेद वाणी का पाठ कर वातावरण को बनाया भक्तिमय

**सोनीपत।** आर्य समाज मॉडल टाऊन सोनीपत के सप्तदिवसीय वार्षिकोत्सव के तीसरे दिवस का आयोजन संस्था प्रधान ज्ञानेश्वर त्यागी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में आचार्य जयेन्द्र आर्य, गुरुकुल नोएडा ने ब्रह्मा एवं मुख्य प्रवक्ता के रूप में भाग लिया। आर्य समाज के पुरोहित आचार्य सतन देव सत्यम ने मधुर स्वर में वेद वाणी का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

यज्ञ के उपरांत बरेली से आमंत्रित संगीत रत्न आचार्य भानु प्रकाश शास्त्री ने ईश्वर भक्ति, सामाजिक, पारिवारिक और देशभक्ति से जुड़े भजन एवं महर्षि स्वामी दयानन्द के गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। मुख्य प्रवक्ता आचार्य जयेन्द्र आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य को जीवन में निरंतर पुरुषार्थ करना चाहिए, क्योंकि पुरुषार्थ ही जीवन है और प्रमाद ही मृत्यु के समान है। उन्होंने बताया कि पुरुषार्थ से अंतःकरण शुद्ध होता है और व्यक्ति को आत्म संतुष्टि प्राप्त होती है। इस अवसर पर मधु आर्या, महेश जुनेजा, प्रमोद मल्होत्रा, सुमन भगत, गीता सहगल, विनोद सहगल, हरिचन्द स्नेही, ईश्वर सिंह, सविता मल्होत्रा, कौशल्या देवी, कृष्णा भूटानी सहित अन्य श्रद्धालु और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पार्षदों ने एडीसी के नाम नपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

# गन्नौर में आधार सेवाएं ठप, जनता परेशान

आपरेटर सप्ताह में सिर्फ तीन दिन 2-3 घंटे के लिए आते हैं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर



गन्नौर। नपाध्यक्ष अरुण त्यागी को अतिरिक्त उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपते पार्षद।

नगरपालिका गन्नौर में आधार कार्ड से जुड़ी सेवाएं लंबे समय से ठप पड़ी हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं फैमिली आईडी से संबंधित कार्य भी सुचारू रूप से नहीं चल रहा। इस समस्या को लेकर नगरपालिका पार्षदों ने नपाध्यक्ष अरुण त्यागी को अतिरिक्त उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि संबंधित जोनल सिटिजन रजिस्ट्रेशन एंड रजिस्ट्रेशन मैनेजमेंट सिस्टम (जेडसीआरआइएम) आपरेटरों की लापरवाही के चलते फैमिली आइडी का कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि आपरेटर सप्ताह में केवल तीन दिन ही आते हैं और 2-3 घंटे ही कार्यालय में दिखते हैं। जिससे लोगों की फैमिली आइडी से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी सही तरीके से नहीं किया जा रहा। इस मौके पर पार्षद वार्ड 17 पार्षद शमशेर सैनी, वार्ड 16 पार्षद नरेश वर्मा, वार्ड 9 पार्षद प्रतिनिधि हरविंद्र त्यागी, वार्ड 8 पार्षद विकास शर्मा आदि मौजूद रहे।

### प्रमुख मांगें

पार्षदों ने कहा कि आमजन लगातार परेशान हैं और उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पार्षदों व नपाध्यक्ष ने प्रशासन से मांग की है कि आधार मशीन को जल्द ठीक कराया जाए, स्थायी जेडसीआरआइएम आपरेटरों की नियुक्ति की जाए और सेवाओं को सुचारू रूप से शुरू कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिले।

## जिलेभर की संस्थाओं में पृथ्वी दिवस पर रही कार्यक्रमों की धूम

# प्राणदायिनी धरा को प्रदूषण मुक्त व हरी भरी बनाने का लें संकल्प : सुधीर जैन



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल विश्व में पृथ्वी दिवस पर आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले नौनिहाल पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में बुधवार को विश्व पृथ्वी दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर पोस्टर बनाकर, स्लोगन लिखकर, कविता पाठ कर व भाषण के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। स्कूल परिसर में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ पौधरोपण भी किया। वहीं प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर प्रकृति का सम्मान करने और पृथ्वी को बचाने के लिए सभी का आह्वान किया। पृथ्वी दिवस कार्यक्रम में पहुंचे स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने छात्र-छात्राओं को पृथ्वी दिवस व पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत करवाया। सुधीर जैन ने कहा कि हम सभी को प्राणदायिनी धरा को प्रदूषण मुक्त और वृक्षों से हरी-भरी बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

## नाटक से पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की समस्याओं पर प्रकाश डाला




खरखौदा। कल्पना चावला विद्यापीठ में पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसका मंच संचालन अध्यापिका ज्योति ने किया। उन्होंने पृथ्वी दिवस के इतिहास और इसके आयोजन के पीछे के उद्देश्य की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई कविताओं और सुविचारों ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया। वहीं, प्रकृति के साथं जुड़ने का सशक्त संदेश दिया। इस श्रृंखला में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने एक विशेष और प्रभावशाली नाटक के माध्यम से उन्होंने पर्यावरण प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्याओं पर प्रकाश डाला और पर्यावरण को बचाने के रचनात्मक उपाय सुझाए। प्राचार्या उषा वत्स और प्राथमिक प्रभारी रितु विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।



### ब्राइट स्कॉलर में मनाया पृथ्वी दिवस

सोनीपत। ब्राइट स्कॉलर स्कूल में बुधवार को धरती दिवस के रूप में मनाया गया। सुबह प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा धरती एवं पर्यावरण को बचाने का सन्देश दिया गया। उन्होंने सभा को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। कक्षा 2 ने भी धरती -हमारे ग्रह को बचाने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 'विश्व पृथ्वी दिवस पर विशेष सभा आयोजित की। प्राचार्या डॉ. किरण दलाल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के पर्यावरण के प्रति जागरूक करना रहा।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए किया प्रेरित



सोनीपत। टीकाराम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत के भूगोल विभाग ने बुधवार को कॉलेज परिसर में पौधरोपण अभियान आयोजित कर पृथ्वी दिवस मनाया। प्राचार्या कंचन सिधर ने विद्यार्थियों को पर्यावरण की रक्षा करने तथा अपने दैनिक जीवन में सतत प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भूगोल विभाग की प्राध्यापिकाएं डॉ. शीतल, संगीता एवं डॉ. स्वाति भी उपस्थित रहीं और उन्होंने विद्यार्थियों के साथ वृक्षारोपण गतिविधि में भाग लिया।

## स्व. गुरदीप सिंह के परिवार को दी आर्थिक सहायता



गोहाना। स्व. गुरदीप सिंह के पिता को चेक देतीं कुलपति प्रो. सुदेश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

■ महिला विवि में छात्राओं को बचाते समय मधुमक्खियों के काटने से हो गई थी मौत

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां ने अपने स्व. सुरक्षाकर्मी गुरदीप सिंह के परिवार की आर्थिक मदद के लिए 3 लाख 77 हजार रुपये की आर्थिक मदद की है। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने बुधवार कोा मृतक सुरक्षाकर्मी के पिता को चेक दिया।

गुरदीप सिंह महिला विवि की सुरक्षा शाखा में सुरक्षाकर्मी पद पर कार्यरत थे। 16 मार्च को विवि परिसर में मधुमक्खियों ने छात्राओं पर हमला कर दिया था। छात्राओं को मधुमक्खियों के हमले से बचाने की कोशिश में गुरदीप सिंह की मौत हो गई थी। महिला विवि प्रशासन द्वारा स्व. गुरदीप सिंह के परिवार को 3 लाख 77 हजार रुपये का चेक प्रदान करके आर्थिक मदद की गई है। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि गुरदीप सिंह के इस बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा। विवि प्रशासन गुरदीप सिंह के बेटे को एक्सग्रेशिया पालिसी के तहत नौकरी दिलाने की प्रक्रिया को पूरी कर प्रस्ताव सरकार को भेज चुका है। कुलपति ने कहा कि महिला विवि स्व. गुरदीप सिंह के परिवार के साथ खड़ा है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव और मुख्य सुरक्षा अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बल्हारा उपस्थित रहे।



### प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी दी

सोनीपत। पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत की ओर से ग्राम भटाना जाफराबाद स्थित ऑक्सीजन बाग में पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 'ट्री मैन' देवेंद्र सूरा और उनकी टीम के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और दैनिक जीवन में पर्यावरण-अनुकूल आदतें अपनाने पर जोर दिया गया। अधिवक्ता अश्विनी कुमार ने प्रतिभागियों को हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान ऑक्सीजन बाग में वृक्षारोपण किया गया और सामान्य चौपाल में जागरूकता सत्र आयोजित हुआ। कार्यक्रम में करमबीर सिंह, सुमेर सिंह, मोनू बाघडू, ऋतु रानी, मनीषा, कवित, बसंत, देवरत, आज़ाद और वीरेंद्र सहित ग्रामीणों ने भाग लिया।




### पॉलीथिन के उपयोग से बचें : राजेन्द्र कौशिक

गन्नौर नव ज्योति स्कूल भावर में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के दौर में प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह प्रकृति के संरक्षण में अपना योगदान दे। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने, वायु प्रदूषण को कम करने और पॉलीथिन के उपयोग से बचने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थी स्वयं कपड़े के थैले तैयार कर समाज में वितरित करें, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़े और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिले।



### इको-फ्रेंडली वस्तुओं का विकल्प नहीं

सोनीपत। साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल और साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल में विश्व पृथ्वी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पीपी-1 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्कूल परिसर में विभिन्न रचनात्मक और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जहां सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पृथ्वी को स्वच्छ और हरा-भरा रखने का प्रण लिया। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सभी को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री व वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने कहा कि इको-फ्रेंडली वस्तुओं को अपनाना कोई विकल्प नहीं, बल्कि आज की जरूरत है। हमें प्लास्टिक मुक्त भविष्य की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। सीईओ भावना कालरा व डायरेक्टर डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी है। कार्यक्रम के अंत में नन्हे विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में पौधे लगाकर इस दिन को यादगार बनाया।

## सोनीपत में छात्रा और युवक बने डिजिटल जालसाजी का शिकार

# विदेश में नौकरी व निवेश के नाम पर दो लोगों से ठगे 16.15 लाख

ठगों ने फर्जी पहचान, व्हाट्सएप कॉल कर पहले विश्वास जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विदेश में नौकरी, डॉलर ट्रांसफर और मोटे मुनाफे का झांसा देकर साइबर ठगों ने अलग-अलग मामलों में एक युवक और एक युवती से 16.15 लाख रुपये ठग लिये। ठगों ने फर्जी पहचान, व्हाट्सएप कॉल और ऑनलाइन लेनदेन का झांसा देकर पहले विश्वास जीता और फिर रकम ऐंठते रहे। मामलों का खुलासा होने पर पीड़ितों ने साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

गांव सांदल कलां निवासी एक छात्रा को विदेशी नौकरी और डॉलर बदलवाने के झांसे में फंसाकर साइबर ठगों ने 7.43 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने खुद को दुबई में कार्यरत युवक, बैंक अधिकारी और जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर इस वारदात को अंजाम दिया। आरोपितों ने छात्रा के व्हाट्सएप पर कॉल कर खुद को अभिषेक शर्मा बताया और मदद के नाम पर संपर्क बढ़ाया। ठग ने दावा किया कि उसने छात्रा के खाते में 15.60 लाख रुपये जमा कर दिए हैं। इसके बाद बैंक कर्मचारी बनकर दूसरे आरोपित ने कॉल की और कहा कि राशि विदेशी मुद्रा में होने के कारण उसे भारतीय मुद्रा में बदलवाने के लिए शुल्क देना होगा। छात्रा ने शुरुआत में 8 हजार रुपये जमा कराए, जिसके बाद ठगों ने अलग-अलग बहानों से रकम की मांग बढ़ा दी।

### हवाई अड्डे पर गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठगे लाखों

ठगों ने एक नया नाटक रचते हुए छात्रा को बताया कि अभिषेक भारत आ गया है और उसे हवाई अड्डे पर अधिकारियों ने पकड़ लिया है। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने खुद को जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर फोन किया और युवक के पास विदेशी मुद्रा, सोना और महंगे मोबाइल होने की बात कहकर मामले को निपटाने के नाम पर बड़ी रकम मांगी। परिवार ने दबाव में आकर 42 अलग-अलग लेनदेन के जरिए कुल 7.42 लाख रुपये जमा करा दिए। जब आरोपितों ने 3.60 लाख रुपये की और मांग की, तब परिवार को संदेह हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

### मोटी कमाई का लालच देकर 8.72 लाख हड़पे

ठगी का दूसरा मामला बहालगढ़ थाना क्षेत्र का है, जहां एक गांव निवासी युवक को झांसे में लेकर 8.72 लाख रुपये ठग लिए गए। अजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे क्लब-21 में रुपये लगाकर मोटी कमाई का झांसा दिया गया था। आरोपितों ने उसे अपने जाल में फंसाकर अलग-अलग खातों में रुपये डलवा लिये। जब बाद में और रुपयों की मांग की गई तो उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर तकनीकी आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### गायत्री विद्या पीठ स्कूल में छात्र-छात्राओं ने औषधीय पौधे लगाए



गन्नौर। गायत्री विद्या पीठ गन्नौर में बुधवार को पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण अभियान से हुई, नन्हे छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के गार्डन में विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधे रोपे। विद्यार्थियों ने पौधों की देखभाल करने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की शपथ भी ली। इसके साथ ही बच्चों ने आकर्षक कार्ड बनाकर पृथ्वी को प्रदूषण मुक्त रखने का संदेश दिया। विद्यालय की प्राचार्या शकुंतला कौशिक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी केवल एक ग्रह नहीं, बल्कि हमारी माता है, जो हमें जीवन के लिए आवश्यक सभी संसाधन प्रदान करती है।

### गीता विद्या मंदिर में स्कूल में बच्चों को पृथ्वी संरक्षण की शपथ दिलाई



गोहाना। शहर में गुढ़ा मार्ग स्थित गीता विद्या मंदिर में पृथ्वी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान स्कूल में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों को सामूहिक रूप से पृथ्वी संरक्षण की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग एवं प्रभावशाली लघु नाटिका प्रस्तुत कर पृथ्वी को सुरक्षित एवं स्वच्छ रखने का सशक्त संदेश दिया। चहक ने कविता तथा दीपांशी ने भाषण की प्रस्तुति दी। अवर प्लेनेट आवर पावर थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद सदन ने किया। मंच संचालन का दायित्व छात्र हर्ष गोयल ने निभाया।

### मौसम में नकारात्मक बदलाव भविष्य में बड़े खतरे का संकेत



गोहाना। ग्लोबल पब्लिक स्कूल, खानपुर कलां में पृथ्वी दिवस पर कक्षा समूहों के स्तर पर अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण के लिए जागरूक करना था। एमडी पंकज जाले ने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण एक बड़ी चुनौती बन गया है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम में नकारात्मक बदलाव भविष्य में किसी बड़े खतरे का संकेत हैं। हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक का कम से कम उपयोग के साथ अधिक से अधिक पौधे रोपने चाहिएं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रीति शर्मा ने की। प्राचार्या ने कहा कि पृथ्वी की रक्षा करना हम सब की जिम्मेवारी है। पर्यावरण संरक्षण से हम आने वाली पीढ़ियों को अच्छा जीवन दे सकते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



### जेकेआर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने नाटक की प्रस्तुति से पर्यावर्णीय समस्याएं उजागर की

गोहाना। गोहाना-महम मार्ग पर गुढ़ा चुंगी के समीप स्थित जेकेआर पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों ने नाटक की प्रस्तुति दी। नाटक की प्रस्तुति से विद्यार्थियों ने पृथ्वी संरक्षण के लिए पौधारोपण का महत्व समझाया। मार्गदर्शन एमडी राजबीर राठी का रहा। अध्यक्षता चेयरमैन उत्तम राठी ने की और संयोजन मुख्याध्यापिका संगीता मुंजाल ने किया। विद्यार्थियों ने धरती बचाओ विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से बच्चों ने प्लास्टिक प्रदूषण, जल संकट और वनों की कटाई जैसी समस्याओं को उजागर किया और सबका ध्यान आकर्षित किया।

### जेएलएन विद्यालय में विद्यार्थियों ने कविताओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण करने का संदेश दिया



गोहाना। जेएलएन विद्यालय गोहाना में पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों ने रचनात्मक गतिविधियों से जागरूकता संदेश दिया। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा एवं प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा और को-ऑर्डिनेटर रितु भारद्वाज ने किया। प्राइमरी विंग में पीपी-1 से कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियो में अनाया, सीरत, तरुण, कीर्ति, अलीशा, अवनी जिंदल एवं दिव्यांशीने धरती मां का रूप धारण कर तथा कविताओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एमडी सुनील शर्मा ने कहा कि पृथ्वी हमें जीवन के लिए आवश्यक संसाधन प्रदान करती है।

## सोनीपत के रुके विकास कार्यों के लिए सरकार दोषी : दीपेन्द्र हुड्डा

# सोनीपत निगम में भ्रष्टाचार, बड़े बड़े घोटाले आ रहे हैं सामने

सांसद ने मेयर प्रत्याशी कमल दिवान का नामांकन दाखिल करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा साथ में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष, प्रत्याशी कमल दिवान एवं अन्य।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने बुधवार को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की मौजूदगी में सोनीपत से कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी एवं सोनीपत शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान का नामांकन दाखिल कराया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सोनीपत के विकास के लिए चुनाव लड़ रही है। क्योंकि, सोनीपत दुर्दशा का शिकार हो गया है, पिछले 12 वर्ष में विकास की एक भी बड़ी परियोजना सोनीपत में नहीं आई। सोनीपत निगम में व्यापक भ्रष्टाचार है। एक के बाद एक बड़े घोटाले सामने आए। साफ-सफाई, सीवेज, पीने के पानी की व्यवस्था, सड़कों की स्थिति, ट्रैफिक की स्थिति किसी को बताने की जरूरत नहीं है। सोनीपत की जनता सब जानती है। प्रदेश में आज अपराध चरम पर है। यहां फिरौती राज, नशा राज चल रहा है। कांग्रेस सरकार के समय बनवाए गए शिक्षा के मंदिरों के आसपास सरकार के संरक्षण में नशा बिक रहा है। सोनीपत के सारे विकास कार्य जो रुके हुए हैं, उसके लिए भाजपा सरकार दोषी है। क्योंकि, लोग जानते हैं कि अगर कांग्रेस सरकार बनती तो सभी विकास कार्य रफ्तार पकड़ लेते। उन्होंने कहा कि सरकार पर नकेल डालने का काम विपक्ष का होता है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा 12 साल पहले कांग्रेस सरकार के समय सोनीपत के चारों तरफ विकास कार्य हो रहे थे। बड़े-बड़े शिक्षा के मंदिर स्थापित हुए और सोनीपत में छह सरकारी यूनिवर्सिटी बनी, लेकिन पिछले 12 साल में छह यूनिवर्सिटी तो दूर, छह स्कूल भी छोड़ो, किसी छह स्कूल में छह बिल्डिंग भी नहीं बनी। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने वोट चोरी करके विधानसभा चुनाव जीता। साम, दाम, दंड, भेद हर हथकंडे अपनाकर भाजपा ने जनभावना को धोखा देकर सरकार बनाई।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि जनता बीजेपी सरकार के संरक्षण में निगमों में चल रहे भ्रष्टाचार से आजिज आ चुकी है और बदलाव का मन बना चुकी है। इस अवसर पर सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व विधायक जगबीर मालिक, विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक सुरेन्द्र पंवार, पूर्व विधायक जयवीर बाल्मीकि, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, राई विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे जय भगवान आंतिल, सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र दहिया, जयवीर आंतिल, मनोज रिढ़ाऊ, अशोक सरोहा, प्रदीप गौतम, अशोक अभिनव शर्मा आदि मौजूद रहे।